# UP Board Class 12 Economics Important Questions Chapter 3 उत्पादन तथा लागत

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
कौनसा लागत वक्र आयताकार अतिपरवलय आकृति का होता है?
उत्तर:
औसत स्थिर लागत वक्र (AFC वक्र) आयताकार अतिपरवलय आकृति का होता है।

प्रश्न 2.
दीर्घकाल से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
वह समयावधि जिसमें उत्पादन के सभी कारकों में परिवर्तन लाया जा सकता है।

प्रश्न 3.
अल्पकाल क्या है?
उत्तर:
वह अवधि जिसमें उत्पादक केवल परिवर्ती कारकों में परिवर्तन कर सकता है।

प्रश्न 4.
उत्पादन फलन क्या है?
अथवा
उत्पादन फलन से क्या तात्पर्य है?
अथवा
उत्पादन फलन की संकल्पना को समझाइये।
उत्तर:
फर्म द्वारा उपयोग में लाए गए आगतों तथा फर्म द्वारा उत्पादित निर्गतों के मध्य का सम्बन्ध है।

प्रश्न 5.
उत्पादन कारक का आशय लिखिए।
उत्तर:
जिनकी सहायता से उत्पादन किया जाता है, जैसे - भूमि, पूँजी, श्रम आदि।

प्रश्न 6.
अर्थशास्त्र में लागत का क्या अर्थ है?
उत्तर:
उत्पादन हेतु साधनों पर किया गया व्यय लागत है।

प्रश्न 7.
परिवर्तनशील साधन से आप क्या समझते
उत्तर:
जिन साधनों में अल्पकाल में परिवर्तन किया जा सकता है।

प्रश्न 8.
स्थिर लागतों से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
उत्पादन के स्थिर साधनों पर किया गया व्यय स्थिर लागत है।

प्रश्न 9.
परिवर्तनशील लागतों से क्या आशय है?
उत्तर:
उत्पादन के परिवर्तनशील साधनों पर किया गया व्यय परिवर्तनशील लागत है।

प्रश्न 10.
उत्पादन फलन किनके मध्य सम्बन्ध बताता है?
उत्तर:
यह आगतों एवं निर्गत के मध्य सम्बन्ध बताता है।

प्रश्न 11.
वह कौनसी आगत है जिसमें अल्पकाल में कोई परिवर्तन नहीं होता है?
उत्तर:
स्थिर आगत।

प्रश्न 12.
वह कौनसी आगत है जिसमें अल्पकाल में परिवर्तन किया जा सकता है?
उत्तर:
परिवर्ती आगत।

प्रश्न 13.
सीमान्त उत्पाद की आकृति किस प्रकार की होती है?
उत्तर:
उल्टे 'U' के समान।

प्रश्न 14.
सीमान्त उत्पाद वक्र, औसत उत्पाद वक्र को किस बिन्दु पर काटता है?
उत्तर:
जहाँ औसत उत्पाद अधिकतम होता है।

प्रश्न 15.
जब सभी आगतों के अनुपातों में वृद्धि के फलस्वरूप निर्गत में भी उसी अनुपात में वृद्धि होती है, ऐसे पैमाना का प्रतिफल को क्या कहा जाता है?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर:
पैमाना का स्थिर प्रतिफल।

प्रश्न 16.
कॉब डगलस उत्पादन फलन का समीकरण लिखिए।
उत्तर:
$q = x^{\alpha}{}_{1}.x^{\alpha}{}_{2}$

प्रश्न 17.
औसत स्थिर लागत दिए होने पर कुल स्थिर लागत किस प्रकार ज्ञात की जाती है?
उत्तर:
कुल स्थिर लागत = औसत स्थिर लागत x निर्गत इकाइयाँ

प्रश्न 18.
उत्पादन फलन का समीकरण लिखिए।
उत्तर:
$q = f(L, K)$
यहाँ $q$ = उत्पादन मात्रा, $L$ = श्रम व $K$ = पूँजी की मात्रा

प्रश्न 19.
समोत्पाद वक्र किसे कहते हैं?
उत्तर:
समोत्पाद वक्र दो उत्पादन साधनों के उन विभिन्न संयोगों को दर्शाता है जिनसे समान मात्रा में उत्पादन प्राप्त होता है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
'पैमाने के प्रतिफल' की अवधारणा से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
दीर्घकाल में उत्पत्ति के साधनों में समान अनुपात में परिवर्तन करने से उत्पत्ति पर जो प्रभाव पड़ता है, उसे 'पैमाने के प्रतिफल' कहा जाता है।

प्रश्न 2.
अल्पकाल से आपका क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
अल्पकाल का अभिप्राय उस समय अवधि से है जिसमें उत्पादक उत्पादन के केवल परिवर्ती आगतों में ही परिवर्तन कर सकता है।

प्रश्न 3.
दीर्घकाल से आपका क्या अभिप्राय है?
उत्तर:

दीर्घकाल से अभिप्राय उस समय अवधि से है जिसमें उत्पादक, उत्पादन के सभी साधनों में परिवर्तन कर सकता है।

प्रश्न 4.
फर्म उत्पादन साधनों के किस संयोग बिन्दु पर साम्य में होगी?
उत्तर:
एक फर्म उस संयोग बिन्दु पर साम्य में होगी जहाँ पर समोत्पाद वक्र एवं समलागत रेखा का ढाल समान या बराबर होता है।

प्रश्न 5.
उत्पादन आगतों से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
उत्पादन आगत उत्पादन के वे साधन हैं जिनके सहयोग से एक उत्पादक उत्पादन करता है, जैसेश्रम, भूमि, पूँजी, मशीनें, कच्चा माल इत्यादि।

प्रश्न 6.
स्थिर पैमाने के प्रतिफल किसे कहते हैं?
उत्तर:
जब उत्पादन की सभी आगतों में जिस अनुपात में वृद्धि होती है उसी अनुपात में निर्गत में वृद्धि होती है तो उसे स्थिर पैमाने के प्रतिफल कहते हैं।

प्रश्न 7.
वर्धमान पैमाने के प्रतिफल किसे कहते
उत्तर:
जब उत्पादन की सभी आगतों में जिस अनुपात में वृद्धि की जाती है, निर्गत में उससे अधिक अनुपात में वृद्धि हो तो, उसे वर्धमान पैमाने के प्रतिफल कहा जाता है।

प्रश्न 8.
ह्रासमान पैमाने के प्रतिफल किसे कहते
उत्तर:
जब उत्पादन की सभी आगतों में जिस अनुपात में वृद्धि की जाती है तब निर्गत में उससे कम अनुपात में वृद्धि हो तो उसे ह्रासमान पैमाने के प्रतिफल कहा जाता है।

प्रश्न 9.
कुल परिवर्तनशील लागत एवं कुल स्थिर लागत में एक अन्तर बताइए।
उत्तर:
कुल परिवर्तनशील लागत उत्पादन की मात्रा पर निर्भर करती है जबकि इसके विपरीत कुल स्थिर लागत उत्पादन मात्रा पर निर्भर नहीं करती है।

प्रश्न 10.
परिवर्ती अनुपातों के नियम का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

परिवर्ती अनुपातों के नियम के अनुसार प्रारम्भ में आगतों के प्रयोग से सीमान्त उत्पादन बढ़ता है किन्तु एक स्तर के पश्चात् इसमें गिरावट आनी प्रारम्भ हो जाती

प्रश्न 11.
औसत उत्पाद को परिभाषित कीजिए तथा इसे ज्ञात करने का सूत्र बताइए।
उत्तर:
औसत उत्पाद औसत उत्पाद निर्गत की प्रति इकाई को परिवर्ती आगत के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसकी गणना निम्न प्रकार की जाती है।

$$\text{औसत उत्पाद} = \frac{\text{कुल उत्पाद}}{\text{श्रम की मात्रा}}$$

प्रश्न 12.
उत्पादक से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
उत्पादक वह साहसी व्यक्ति होता है जो उत्पादन के विभिन्न
साधनों अथवा आगतों का उपयोग . . करके वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन करता है।

प्रश्न 13.
उत्पादन से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
वस्तुओं एवं सेवाओं की वह मात्रा जो उत्पादक आगतों की विभिन्न मात्राओं का उपभोग कर उत्पादित करता है, उत्पादन कहलाता है।

प्रश्न 14.
समान मात्रा वक्र की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
अथवा
समोत्पाद वक्र की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:

1. समोत्पाद वक्र का ढाल ऋणात्मक होता है।
2. समोत्पाद वक्र अपने मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर होता है।

प्रश्न 15.
उत्पादक के सन्तुलन की कोई दो आवश्यक शर्ते बताइए।
उत्तर:

1. समोत्पाद वक्र सन्तुलन बिन्दु पर समलागत रेखा को स्पर्श करना चाहिए।
2. सन्तुलन बिन्दु पर समोत्पाद वक्र मूल बिन्दु के प्रति उन्नतोदर होना चाहिए।

प्रश्न 16.
कुल उत्पाद से आपका क्या अभिप्राय
उत्तर;
एक फर्म द्वारा निश्चित समय में विभिन्न आगतों का उपयोग करके उत्पादित की जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं की कुल मात्रा को कुल उत्पाद कहा जाता है।

प्रश्न 17.
परिवर्ती अनुपात नियम की कोई दो मान्यताएँ बताइए।
उत्तर:

1. उत्पादन का एक साधन परिवर्तनशील होता है जबकि अन्य साधन स्थिर रहते हैं।
2. उत्पादन के साधनों के अनुपात में परिवर्तन करना संभव है।

प्रश्न 18.
कुल स्थिर लागतों का अर्थ लिखिए।
उत्तर:
वे लागतें जो अल्पकाल में फर्म के शून्य उत्पादन से लेकर अधिकतम संभव उत्पादन तक स्थिर रहती हैं, वह उसकी कुल स्थिर लागत कहलाती हैं।

प्रश्न 19.
पैमाने के बढ़ते प्रतिफल लागू होने के कोई दो कारण बताइए।
उत्तर:

1. जब अविभाज्य साधनों का पूरा प्रयोग होता है तो पैमाने के बढ़ते प्रतिफल प्राप्त होते हैं।
2. श्रम विभाजन के कारण कार्यकुशलता में वृद्धि होती है, जिससे पैमाने के बढ़ते प्रतिफल मिलते हैं।

प्रश्न 20.
पैमाने के प्रतिफल तथा साधन के प्रतिफल में कोई एक अन्तर बताइए।
उत्तर:
पैमाने के प्रतिफल में सभी साधन परिवर्तनशील होते हैं, जबकि साधन के प्रतिफल में केवल एक साधन परिवर्तनशील होता है अन्य सभी साधन स्थिर रहते हैं।

प्रश्न 21.
विशिष्टीकरण का पैमाने के प्रतिफल पर क्या प्रभाव पड़ता है?
उत्तर:
विशिष्टीकरण को अपनाने के फलस्वरूप साधनों की कुशलता बढ़ती है तथा लागतें घटती हैं, जिसके परिणामस्वरूप पैमाने के बढ़ते प्रतिफल प्राप्त होते हैं।

प्रश्न 22. पैमाने के प्रतिफल के सम्बन्ध में कोई दो कथन लिखिए।
उत्तर:

1. पैमाने के प्रतिफल का सम्बन्ध दीर्घकाल से है, अल्पकाल से नहीं।
2. इसमें उत्पत्ति के सभी साधनों की मात्रा में समानुपातिक परिवर्तन किया जाता है।

प्रश्न 23.
अल्पकालीन कुल लागत तथा औसत लागत का तात्पर्य लिखिए।
अथवा
सीमान्त लागत, कुल लागत एवं औसत लागत न क्या है?
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

कुल लागत: किसी वस्तु की एक निश्चित । मात्रा का उत्पादन करने के लिए व्यय की गई राशि, कुल लागत कहलाती है।
औसत लागत: कुल लागत में वस्तु की उत्पादित न इकाइयों का भाग देने पर प्राप्त लागत, औसत लागत कहलाती है।
सीमान्त लागत: वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई उत्पादित करने पर कुल लागत में जो परिवर्तन होता है, वह सीमान्त लागत कहलाती है।